**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 26-04-2005**

**Participants : Suman Shri Ramji Lal**

Title: Need to implement Integrated Disease Monitoring Project in U.P.

**श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद)** : अध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समन्वित रोग निगरानी परियोजना के पहले चरण में नौ प्रांतों में यह योजना लागू करने का निर्णय लिया है। ये राज्य केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, महाराट्र, मध्य प्र ादेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल एवं मिजोराम हैं लेकिन अत्यधिक खराब स्वास्थ्य सेवाओं वाले राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान एवं उड़ीसा जैसे बीमारू राज्यों में फिलहाल यह योजना शुरू नहीं हो रही है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने समन्वित रोग निगरानी परियोजना को हाल ही में मंजूरी प्रदान की है। सरकार ने 9 राज्यों में इस घोाणा को लागू करने का निर्णय लेते हुए कहा है कि योजना के लिए 408 करोड रूपए के बजट का प्रावधान रखा, जिन राज्यों में यह योजना लागू हो रही है, उसके लिए 103 करोड़ रूपए का बजट रखा गया है। उत्तर प्रदेश में इस योजना को लागू न करने का औचित्य बताते हुए सरकार ने कहा है कि इस प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं के मूलभूत ढांचे का अभाव है तथा इस प्रांत में योजना तीसरे चरण में शुरू होगी, जिसमें लगभग एक साल का समय लगेगा। मगर केन्द्र सरकार यह बात स्पट नहीं कर सही कि एक साल में इस राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को कैसे सुदृढ़ किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां आबादी का घनत्व अन्य राज्यों की अपेक्षा ज्यादा है और बीमारियों का प्रकोप भी अधिक है को इस स्वास्थ्य योजना से वंचित रखा गया है। सरकार को चाहिए कि वह अविलम्ब प्राथमिकता के तौर पर उ0प्र0 में भी इस स्वास्थ्य योजना को तुरंत लागू करे।